जी. किशन रेड्डी
జి. కిషన్ రెడ్డి
G. Kishan Reddy

सत्यमेव जयते

कोयला एवं खान मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली
MINISTER OF COAL AND MINES
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI

**प्रिय श्रमिक साथियों, नमस्कार!**

मुझे आशा है कि आप और आपके परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित एवं स्वस्थ होंगे। पिछले वर्ष, भारत के कोयला उत्पादन ने पहली बार 1 बिलियन टन का आँकड़ा पार किया था। इस वर्ष आपने यह उपलब्धि फिर से हासिल की है। जो कभी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था, वह अब हमारा नया मानक बन चुका है। कठिन परिस्थितियों में दिन-रात परिश्रम करते हुए आप देश के हर घर को रोशन करने में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। मेरे लिए आप किसी योद्धा से कम नहीं हैं। मैं अपने हृदय की गहराइयों से आपका आभार व्यक्त करता हूँ और माननीय प्रधानमंत्री जी की ओर से भी आपको धन्यवाद देता हूँ। आपके सहयोग और शुभकामनाओं से श्री नरेंद्र मोदी जी वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बने। पिछले 12 वर्षों के दौरान उन्होंने ***आत्मनिर्भर भारत*** को राष्ट्र के संकल्प के रूप में आगे बढ़ाया है। इस वर्ष, जब विश्व के विभिन्न हिस्सों में चल रहे युद्धों के कारण ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई, तब आपके द्वारा उत्पादित कोयले ने यह सुनिश्चित किया कि भारत के विद्युत संयंत्रों में कोयले की कोई कमी न हो। आपका कोयला ही भारत की स्वदेशी ऊर्जा है। माननीय प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन 17 सितंबर को पड़ता है, जो भगवान विश्वकर्मा की जयंती का भी दिन है। भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मांड का दिव्य स्रष्टा एवं शिल्पकार माना जाता है।

माननीय प्रधानमंत्री जी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि पिछले वर्ष वित्तीय सुरक्षा के संबंध में किया गया वादा पूरा कर दिया गया है। 10 प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ कॉरपोरेट सैलरी पैकेज के अंतर्गत आपको बिना किसी अतिरिक्त लागत के – नियमित कर्मचारियों के लिए ₹1 करोड़ तथा संविदा श्रमिकों के लिए ₹40 लाख तक की व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा की सुविधा प्रदान की गई हैं। 'We Care' पहल के अंतर्गत खदान दुर्घटना में मृत्यु होने पर दी जाने वाली अनुग्रह राशि को ₹15 लाख से बढ़ाकर ₹25 लाख कर दिया गया है। यह राशि नियमित एवं संविदा दोनों श्रमिकों के परिवारों को समान रूप से सीधे प्रदान की जाती है। नए श्रम संहिताओं के अनुरूप कंपनी आपके स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसके अंतर्गत आवधिक चिकित्सा परीक्षण, निवारक स्वास्थ्य जाँच तथा विशेषीकृत स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित विभिन्न चिकित्सा एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य संबंधी पहलें संचालित की जा रही हैं।

**Office** : Room No. 4101, Zone 1, 4th Floor, GPOA-3, Netaji Nagar, New Delhi-110023, **Tel.** : 26773672, 26773670
**Residence** : 6, Ashoka Road, New Delhi- 110001, Tel.: 21411415, 21411403

हमारी संवेदनशीलता और देखभाल का दायरा आपके परिवारों, संविदा श्रमिकों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों तक भी पहुंचती है। 'प्रेरणा - सीआईएल छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत आपके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति की दरों में लगभग 350% की वृद्धि की गई है। खनन कार्य में नियोजित ऐसे संविदा श्रमिक, जिनकी मजदूरी बोनस की निर्धारित सीमा से अधिक है, अब 8.33 प्रतिशत की प्रदर्शन-संबद्ध प्रोत्साहन राशि (Performance Linked Incentive) के पात्र होंगे। पूर्व कर्मचारी और उनके परिवार अब ई-निवारण पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायतों की स्थिति देख सकते हैं। कार्यस्थल पर गरिमा और समानता सुनिश्चित करने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, कोल इंडिया और उसकी सभी अनुषंगी कंपनियों के प्रत्येक कर्मचारी को अब यूनिफार्म के लिए ₹12,500 प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं।

**खान श्रमिकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2026 सीधे तौर पर 1.25 करोड़ से अधिक की आजीविकाओं की रक्षा करता है। यह वित्तीय निश्चितता और परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने, निरंतर रोजगार को सुरक्षित रखने तथा खनन क्षेत्रों से जुड़े महत्वपूर्ण समुदायों के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ राज्यों के राजस्व हितों को भी संरक्षित करता है।**

मुझे विश्वास है कि ये उपाय आपको माननीय प्रधानमंत्री जी के *'विकसित भारत'* के संकल्प को साकार करने के लिए और अधिक दृढ़ता एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देंगे। यह केवल एक पत्र नहीं, बल्कि 17 सितंबर के इस विशेष दिन पर आपके और आपके परिवार के उत्तम स्वास्थ्य, सुख एवं समृद्धि के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ हैं।

सादर, Regards

**(जी. किशन रेड्डी)**

**Office** : Room No. 4101, Zone 1, 4th Floor, GPOA-3, Netaji Nagar, New Delhi-110023, **Tel.** : 26773672, 26773670
**Residence** : 6, Ashoka Road, New Delhi-110001, Tel.: 21411415, 21411403